नई दिल्ली में भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री विलासराव देशमुख पीएसयू पर आधारित वेबसाइट को लांच करते हुए। रवि बत्रा

बीएसई ने पीएसयू पर आधारित वेबसाइट शुरू की

मुंबई (वार्ता)। बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए विनिवेश आधारति वेबसाइट बुधवार को जारी की। भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री विलासराव देशमुख ने इस वेबसाइट का उद्घाटन किया। बीएसई में केंद्रीय क्षेत्र की 214 सार्वजनिक उपक्रमों और उसकी सहायक इकाइयों में से 44 सूचीबद्ध है। इन 44 सार्वजनिक उपक्रमों, सार्वजनिक क्षेत्र के 26 अतिरिक्त बैंकों, तथा राज्य स्तर के छह सार्वजनिक उद्यमों को मिलाकर बीएसई में पीएसयू की कुल 76 इकाइयों सूचीबद्ध हैं और बीएसई की कुल पूंजी में इनकी 30 प्रतिशत से अधिक का हिस्सा है। बीएसई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक मधु कानन ने कहा कि बीएसई ने पीएसयू को विनिवेश और सार्वजनिक निर्गमों के बारे में एक मंच पर सभी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए यह वेबसाईट शुरू की है। सामाजिक स्कीमों के लिए संसाधन जुटाने के लिए विनिवेश की राह पर चल रही सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि सार्वजनिक उपक्रमों में 49 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी नहीं बेची जाएगी।